हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

मेट्रो सिटी

नागपुर, मंगलवार, 3 दिसंबर 2024

पूजाघर में रखे दीये से झुलसी महिला

नागपुर। हुड़केश्वर पुलिस थाने के महात्मा गांधी नगर में रहने वाली एक महिला पूजा घर में पूजा के लिए रखे दीये से झुलसकर गंभीर रूप से घायल हुई थी जिसकी इलाज के दौरान मेडिकल अस्पताल में मौत हो गई। मृतक की पहचान प्लाट नंबर 164, महात्मा गांधी नगर निवासी ललिता नरेश विंचुरकर (58) के रूप में हुई है. यह घटना 25 नवंबर की सुबह करीब 11 बजे के दौरान हुई. प्राप्त जानकारी के अनुसार ललिता घटना वाली सुबह दवाई लेने के लिए किचन घर में स्थित देवघर में गई थी। इस दौरान पूजा के दिए से उनकी साड़ी में आग लग गई। जिसके कारण वह गंभीर रूप से झुलस गई और उनके दोनों पैर इस घटना में जल गए थे। बाद में परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए मेडिकल अस्पताल में दाखिल करवाया। परंतु इलाज के दौरान ही रविवार को उनकी मौत हो गई। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया है और आगे की जांच कर रही है।

सुबह 10 से शाम 6 बजे तक विमान सेवाएं बंद

नागपुर एयरपोर्ट पर फिर से री-कारपेटिंग कार्य शुरू

नागपुर।

लोकसभा और विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान नागपुर में आने वाले दिग्गज नेताओं की चहल-पहल को ध्यान में रखते हुए नागपुर के डॉ.बाबासाहब अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रनवे की री-कार्पेटिंग रोक दी गई थी। अब विधानसभा चुनाव के बाद री-कारपेटिंग फिर से शुरू हो गई है। इस काम को अगले तीन महीने में पूरा करने की चुनौती है।

उड़ान सेवाओं को सुचारू और सुरक्षित बनाए रखने के लिए रनवे अच्छी स्थिति में होना अनिवार्य है। इसके लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी और संबंधित एयरपोर्ट प्रबंधन रनवे की रिकार्पेटिंग कर रहे हैं। यह कार्य नागपुर हवाई अड्डे पर किया गया। लेकिन योजना की कमी और लोकसभा व विधानसभा चुनावों में अतिविशिष्ट लोगों की आमद के कारण यह काम बहुत धीमी गति से चल रहा है।

नागपुर एयरपोर्ट पर यह काम लोकसभा चुनाव से पहले ही शुरू हो गया था। इसके लिए एयरलाइंस की ओर से शेड्यूल में बदलाव किया गया। प्रचार के दौरान सुबह 10 से शाम 6 बजे तक हवाई उड़ानें निलंबित रहीं. लोकसभा चुनाव के दौरान नागपुर में अतिविशिष्ट लोगों का आवागमन बढ़ गया था. इसलिए,

विशेष विमानों और हेलीकॉप्टरों को सुबह 10 से शाम 6 बजे के बीच उड़ान भरने और उतरने की अनुमति दी गई। इसलिए इस दौरान इस कार्य को रोका गया। लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद बारिश का दौर शुरू हो गया।

बरसात के दौरान यह काम नहीं हो सका। मानसून खत्म होने के बाद एक अक्टूबर से दोबारा काम शुरू किया गया। लेकिन, एक महीने बाद ही विधानसभा चुनाव शुरू हो गये। फिर अति विशिष्ट व्यक्तियों के लिए विशेष विमान, हेलीकॉप्टर को सुबह 10 से शाम 6 बजे के बीच अनुमति दी गई। इसलिए दोपहर में नियमित उड़ान सेवा बंद कर दी गई, लेकिन विशेष उड़ान उतरने के कारण ऐसा नहीं हो सका। परिणाम स्वरूप इस कार्य में विलंब हुआ है।

मई 2025 तक पूरा करना है कार्य

अब विधानसभा चुनाव खत्म होने के बाद 24 नवंबर से यह काम फिर से शुरू हो गया है। सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक सभी उड़ानें निलंबित कर दी गई हैं। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ने इस काम को 31 मार्च 2025 तक पूरा करने का वादा किया है। लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान करीब दो माह तक काम बंद था। इसलिए अगले तीन महीने में काम पूरा करने की चुनौती है। इस संबंध में नागपुर एयरपोर्ट के वरिष्ठ निदेशक आबिद रूही ने कहा, रिकार्पेटिंग का काम पूरा करने का करार मई 2025 तक है. इससे पहले यह काम पूरा होने की उम्मीद है।

शेलके ने अब नागपुर शहर अध्यक्ष पर भी उठाए सवाल

नागपुर। अपनी हार का ठीकरा सीधे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले के सिर पर फोड़ते हुए नागपुर मध्य विधानसभा सीट के उम्मीदवार रहे बंटी शेलके ने उन पर आरएसएस का एजेंट होने का आरोप लगाया था। इसके चलते प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने उन्हें नोटिस जारी करते हुए 2 दिनों में स्पष्टीकरण मांगते हुए निलंबन की चेतावनी थी। शेलके ने नोटिस के जवाब में दोबारा पटोले पर हमला करते हुए उलटे अपने कुछ सवालों के जवाब मांगे हैं। इसके साथ उन्होंने नाम न लेते हुए शहर अध्यक्ष विकास ठाकरे की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए है।

उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि नोटिस को मीडिया में सार्वजनिक किया गया। इसलिए

उन्हें मीडिया के सामने भी आना पड़ा। उन्होंने कहा कि आरएसएस एजेंट नाना पटोले ने मेरी नस भी काटी तो खून के हर बूंद में कांग्रेस लिखा मिलेगा। हम आरएसएस एजेंट पटोले के नहीं बल्कि राहुल गांधी के सिपाही हैं। शेलके ने शहर अध्यक्ष पर सवाल दागते हुए कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले के बेटे की दुर्घटना मामले में पटोले के सिपहसालार ने आवाज भी नहीं उठाई। उन्होंने आरोप लगाया कि संघ मुख्यालय, नितिन गडकरी का घर नागपुर मध्य विधानसभा क्षेत्र में होने के कारण यह सीट भाजपा जीती, इसके लिए पटोले ने काम किया और संगठन को कमजोर किया। यह सारी जानकारी राहुल गांधी तक पहुंचा दी है। यह परिवार का विषय है। उन्होंने कहा कि मुझे मेरे सवालों के जवाब नहीं मिले। कांग्रेस नेता बंटी शेलके ने कहा कि अगर चुनाव के दौरान यह सवाल उठाया होता तो कार्यकर्ताओं का मनोबल टूट जाता। इसलिए आरोप नहीं लगाया। उन्होंने कहा कि पटोले के मतदान क्षेत्र में स्थित देवरी बार्डर पर आरटीओ के विरोध में आंदोलन किया। आंदोलन को अनुमति मत दो, ऐसा पटोले ने वहां प्रशासन से कहा था। संघ मुख्यालय के सामने आरएसएस का गणवेश जलाया, मेरे ऊपर हमला हुआ। तब भी उन्होंने एक शब्द नहीं कहा।

शराब तस्करी करते युवक गिरफ्तार

नागपुर।

वाड़ी पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान मिली गुप्त जानकारी के बाद लावा रोड स्थित बोंडला परिसर में एक होंडा एक्टिवा (क्र. एमएच 31 / एफ.के.1272) पर शराब तस्करी करते एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी गोकुल चंद्रशेखर वानखेड़े (25) चिंतामणि नगर, भिवसनखोरी, गिट्टी खदान निवासी बताया जा रहा है। उसके पास से 150 लीटर महुआ शराब बरामद की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वाडी पुलिस की टीम सोमवार सुबह अपने अपने थाना परिसर में गस्त कर रही थी इस दौरान उन्हें बोंडला के पास लावा रोड स्थित अपोलो टायर गोदाम के समीप होंडा एक्टिवा गाड़ी पर संदिग्ध रूप में जाते हुए एक युवक दिखाई दिया। उसे पकड़ कर जब पुलिस ने उसकी गाड़ी की जांच की तो उसमें 150 लीटर महुआ शराब मिली, जिसकी कुल कीमत 22500 बताई जा रही है।

इस कार्रवाई के दौरान पूछताछ में उसने अपने दूसरे साथी बिस्वा गोंडखेरी के साथ मिलकर इस शराब तस्करी को अंजाम देने की कबूली दी जिसके चलते उन दोनों के खिलाफ पुलिस ने वाड़ी थाने में शराबबंदी के तहत मामला दर्ज किया है। शराब व दुपहिया वाहन सहित इस कार्रवाई के दौरान 57,5500 रुपयों का माल पुलिस ने बरामद किया है।

चोरों ने घर से उड़ाया 2.06 लाख का माल

नागपुर। कपिल नगर पुलिस थाने के उप्पलवाड़ी, नारी रोड स्थित एक बंद घर में सेंधमारी कर चोरों ने नगदी व सोने-चांदी के आभूषणों सहित 2.06 लाख रुपये के माल पर हाथ साफ किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी चितरंजन विधाधर अवनिकर (64) क्वार्टर नं बी/09, एनआईटी क्वार्टर, कपिल नगर, नारी रोड निवासी रविवार सुबह करीब 10 बजे अपने परिवार सहित घर को ताला लगाकर समता नगर स्थित चर्च में प्रार्थना के लिए गए हुए थे। इसी दौरान चोरों के उनके घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुए और लोहे के अलमारी से नगदी 5500 व सोने चांदी के आभूषण सहित 2,06,500 रुपयों के माल को चुरा लिया। शाम करीब 5 बजे के दौरान चितरंजन जब परिवार सहित घर वापस आए तब उन्हें चोरी होने के बात का पता चला और इसकी शिकायत पुलिस की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है और आगे की जांच कर रही है।

बोखारा में चल रहे जुआ अड्डे पर छापा

> 4 गिरफ्तार, पांच अन्य हुए फरार, 3.96 लाख का माल भी जब्त

नागपुर। क्राइम ब्रांच यूनिट 5 की टीम ने पेट्रोलिंग के दौरान मिली गुप्त सूचना के आधार पर कोराडी के बोखारा परिसर में छापा मार कर जुआ अड्डे का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई के दौरान 4 जुआरियों को गिरफ्तार किया है जबकि कार्रवाई के दौरान 5 अन्य मौके से फरार हो गए जिनकी भी तलाश जारी है। उनके पास से नगदी, दुपहिया वाहन सहित 3,96,300 का माल भी बरामद किया गया है।

क्राइम ब्रांच यूनिट 5 की टीम रविवार शाम कोराडी थाना परिसर में गस्त कर रही थी। इसी दौरान कोराडी के बोखारा स्थित घोंगे लेआउट में नीम के पेड़ के नीचे सार्वजनिक जगह पर बैठकर ताश पत्तों पर पैसे लगाकर जुवा खेले जाने की जानकारी मिली। पुलिस ने घेरा डालकर चार जुआरियों को मौके पर ही रंगेहाथ गिरफ्तार किया। जबकि इस कार्रवाई के दौरान 5 अन्य फरार हो गए।

पकड़े गए आरोपियों में तुषार गणेश शंभरकर (23) महादुला, महेश संजय चौधरी (24) ढ़ंगरे लेआउट कोराडी, देवेंद्र योगराज नवघिंगे (36) सुरादेवी, कोराडी का समावेश है। जब किसी कार्रवाई के दौरान गौरव झेले (26) और करण देवकर (28) महादुला, कोराडी निवासी व तीन अन्य मौके से फरार होने में कामयाब हुए।

इस कार्रवाई के दौरान 6300 नगद, ताश पत्ते, तीन मोबाइल फोन, 4 दुपहिया वाहन सहित 3,96,300 रुपयों का माल पुलिस ने बरामद किया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ जुगार अधिनियम के तहत कोराडी पुलिस थाने में मामला दर्ज किया है। साथ ही अब पुलिस फरार आरोपियों की भी तलाश कर रही है।



आपस में भिड़े 'तारा' के दो शावक....

चंद्रपुर के राष्ट्रीय वन-उद्यान ताडोबा में फिर से जंगल सफारी शुरू हो गई है। इस बीच पर्यटकों को विभिन्न वन्यजीवों के दर्शन भी हो रहे है. इस सफारी के दौरान पर्यटकों ने ताडोबा की बाघिन 'तारा' के दो शावकों को आपस में भिड़ते हुए भी देखा। यह नजारा उनके लिए किसी रोमांच से कम नहीं था।

प्रतिबंधित सुगंधित पान मसाला जब्त

नागपुर। क्राइम ब्रांच की यूनिट 4 की टीम ने गोपनीय जानकारी के बाद छापा मार करवाई बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित सुगंधित तंबाखू व पान मसाला पकड़ा है। इस कार्रवाई के द्वारा एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया। पकड़ा गया आरोपी राजेंद्र महादेव राव ठोबरे (59) तेलीपुरा राम कूलर के पीछे, प्लाट नंबर 474,नवीन शुक्रवारी, गणेश पेठ निवासी बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार क्राइम यूनिट 4 की टीम को जानकारी मिली थी की नंदनवन परिसर में एक व्यक्ति ने बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित सुगंधित तंबाकू व पान मसाला जमा कर रखा है। इसी सूचना पर पुलिस ने विद्यानगर वाठोड़ा परिसर में छापामार कार्रवाई कर करीब 400 किलोग्राम सुगंधित पान मसाला पकड़ा है जिसकी कीमत 220000 रुपए बताई जा रहे हैं। आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत नंदनवन पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है और उसे आगे की कार्रवाई के लिए नंदनवन पुलिस के हवाले किया गया है।

तेज रफ्तार कार ने ऑटो को मारी टक्कर

> ऑटो में सवार एक ही परिवार के 6 लोग गंभीर जख्मी

नागपुर।

यशोधरा नगर पुलिस थाना अंतर्गत ऑटो में सवार एक परिवार को तेज रफ्तार कार चालक ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में ऑटो में सवार 6 लोग घायल हुए हैं, जिनमें 4 छोटे बच्चों का भी समावेश है. सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। यह दुर्घटना यशोधरा नगर पुलिस थाने के नंदी चौक स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के सामने सड़क पर रविवार दिए रात करीब 12:30 बजे के दौरान हुई।

जानकारी के अनुसार फरियादी फरहा नाज मोहम्मद जावेद शेख (33) बिलाल नगर, माजरी निवासी रविवार अपने ऑटो चालक पति के ऑटो (क्र. एमच 49 / ई. 5889) से एक शादी समारोह में गए हुए थे। रात में पूरा परिवार ऑटो से घर वापस लौट रहा था। इस दौरान कार (क्र.एमच 40 / बी.एल. 2702 के चालक ने लापरवाही से अपनी गाड़ी चलाते हुए ऑटो को टक्कर मार दी।

इस दुर्घटना में ऑटो सड़क पर ही पलट गया जिस की चपेट में आकर ऑटो चालक जावेद शेख (47) उसकी पत्नी फरा नाज, सास खैरू निशा (58) उनका छोटा बच्चा मोहम्मद जैद (18), बेटी अजीबा (10), फातिम (11), सैफीनाझ (10) गंभीर रूप से घर हो गए। सभी घायलों को लोगों ने इलाज के लिए मेओ अस्पताल में दाखिल करवाया है जहां उनका इलाज जारी है। हालांकि इस घटना के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद आरोपी कार चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है और आगे की जांच कर रही है।

युवक ने मां को तलवार से डराया

> मोबाइल खरीदने के लिए पैसे नहीं देने पर फूटा गुस्सा

नागपुर।

मोबाइल खरीदने के लिए पैसे नहीं दिए जाने पर एक युवक ने तलवार की नोंक पर मां को धमकाया है। यह घटना जरीपटका स्थित इंदौरा परिसर में हुई। जरीपटका पुलिस ने आरोपी तनुश उर्फ तन्या अनिल खांडेकर (18) के खिलाफ मामला दर्ज किया है। तन्या रविवार की रात घर आया। उसने अपनी मां सोना से मोबाइल खरीदने के लिए 10 हजार रुपए मांगे। सोना ने तंगी का हवाला देते हुए रुपए देने में असमर्थता



जता दी। इससे तन्या आगबबुला हो गया और घर में तोड़फोड़ करके मां को गालियां देने लगा।उसने घर में छूपाकर रखी तलवार निकाल ली। तलवार लहराते हुए मां को जान से मारने की धमकी देने लगा। तलवार को आलमारी पर पटकने लगा। तलवार फेंकते हुए 'मुझे रुपए नहीं दिए तो मां और बहन को जान से मारने की धमकी देकर चला गया। तन्या की मां तलवार लेकर जरीपटका थाने पहुंच गई और उसने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तलवार बरामद करके तन्या के खिलाफ मामला दर्ज किया है और उसकी तलाश कर रही है।

संगीतकार दिलीप सेन ने साझा किये अपने अनुभव

> 'दिल की कलम से...' का हुआ लाइव कॉन्सर्ट

नागपुर। स्पर्श मनोरंजन द्वारा शनिवार को आयोजित 'दिल की कलम से...' लाईव्ह कॉन्सर्ट विथ दिलीप सेन इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध संगीतकार दिलीप सेन ने श्रोताओं को अपने सांगेतिक अनुभव बताए। गायक कलाकारों ने दिलीप सेन-समीर सेन इस जोड़ी ने संगीतबद्ध किए गीत प्रस्तुत करके श्रोताओं को रिझाया।

भट सभागृह में हुए इस कार्यक्रम में श्रोताओं से संवाद करते हुए उन्होने बताया, ढोलक, मटका आणि डफ इन वाद्यों का संगीत में उपयोग सबसे पहले उनके पिताश्री ने शुरू किया। उनकी तीन पढीया आज भी संगीत क्षेत्र में काम कर रही है. दीदी को हम सरस्वती माँ बोलते है. मै संगीतकार बना तो मेरी ख्वाईश थी की मैं लताजी के साथ फोटो खिचवाऊ।

लता दीदी का एक किस्सा उन्होंने सुनाया। दीदी ने एक ही म्युझिक डायरेक्टर की, एक ही फिल्म में, एक ही थिएटर में, एकही रेकॉर्डिंग रूम में, एक ही प्रोडक्शन के चार गाने एक साथ नही गाए थे। ये मेरी पहली फिल्म थी 'ये दिल्लगी'। इसमें दीदी ने रेकॉर्ड किया. 'गोरी कलाई ने लिया तेरा नाम', 'लगी लगी ये दिल की लगी', 'नाम क्या है प्यार का मारा', 'होंठों पे बस तेरा नाम है' इस तरह पुरे विश्व में जिसे सरस्वती का रूप कहते है उन्होंने एक दिन में चार गाने गाए।

कार्यक्रम में गोल्डी हुमणे, स्वस्तिका ठाकुर, मंगू कलसंगे, सानिका बोभाटे, प्रशांत भिंगारे, ईश्वरी पांडे, राजू व्यास, धीरज शुक्ला, सुनील आर गजभिये, प्रशांत गडेकर आदि गायक कलाकारों ने गीत प्रस्तुत किए। उन्हें संजय बारापात्रे, राजू गजभिये, मंगेश पटले, प्रशांत खडसे, नंदू गोहाणे, दीपक कांबळे, प्रवीण लिहितकर, नितीन अहिरे, तुषार विघ्ने, निलेश अन वादकों ने साथ दिया. कार्यक्रम की संकल्पना सुनील आर गजभिये की थी। कार्यक्रम का संचालन ज्योति भगतने ने किया। साऊंड पी.बी. साऊंड, लाईट्स मायकल, स्टेज राजेश अमीन, स्क्रीन सोनू ने संभाली।

केवल 6 दिनों का होगा शीतकालीन सत्र

16 दिसंबर से सत्र शुरू होने की संभावना

नागपुर।

महाराष्ट्र की उपराजधानी नागपुर में नई सरकार के स्वागत की तैयारी जोरों पर चल रही है। शीतकालीन अधिवेशन के लिए विधानभवन, रविभवन, नागभवन, मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के बंगलों को सज्ज किया जा रहा है। नागपुर करार के अनुसार कम से कम एक महीने का शीतकालीन सत्र होना चाहिए लेकिन 15 से 20 दिनों का सत्र यहां होता आया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस बार तो शीतकालीन सत्र केवल 6 दिनों का होगा।

महाराष्ट्र की नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह मुंबई के आजाद मैदान में 5 दिसंबर को होने वाला है। इसमें सीएम, डीसीएम के साथ ही संभावित मंत्रियों द्वारा शपथ लेने की संभावना है। उसके बाद विभागों का बंटवारा किया जाएगा। महायुति के तीनों घटक दलों में विभागों को लेकर भी भीतरी विवाद बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार शीत सत्र के दिन कम किये जा सकते हैं और यह 16 से 21 दिसंबर तक रखा जा सकता है।

चर्चा तो यह थी कि शीत सत्र 9 दिसंबर से शुरू हो सकता है लेकिन इतनी जल्दी यह संभव नहीं बताया जा रहा है। अब तक



तो मुंबई से मंत्रालयीन कुनबा भी यहां नहीं पहुंचा है। सरकार गठन के बाद मुंबई में विशेष सत्र बुलाया जाएगा जिसमें सबसे सीनियर सदस्य कालिदास कोडमकर प्रोटेम स्पीकर होंगे।

मुंबई में विशेष अधिवेशन में वे सभी चुने हुए विधायकों को शपथ दिलाएंगे। उसके बाद नागपुर में नई सरकार का पहला अधिवेशन होगा। चूंकि 25 दिसंबर से क्रिसमस की छुट्टियां लगती हैं, इसलिए हर वर्ष इसके पूर्व ही सत्र का समापन किया जाता रहा है।

4, 5 और 7 को आसमान में दिखेगा अद्भुत नजारा

नागपुर। इस साल अंतरिक्ष में होने वाली घटनाएं ध्यान खींच रही हैं। इसके साथ ही, विशाल मानव निर्मित अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन यानी अंतरिक्ष अध्ययन और अनुसंधान केंद्र भी छात्रों की जिज्ञासा बढ़ा रहे है। ये सभी गतिविधियां खुली आँखों से महाराष्ट्र के अधिकांश हिस्सों से देखा जा सकता है।

विश्वभारती केंद्र के निदेशक प्रभाकर डोड ने अभ्यर्थियों से आगामी 4, 5 और 7 दिसंबर को आसमान का यह अनोखा नजारा देखने की अपील की है। सोलह उन्नत देशों द्वारा संयुक्त रूप से संचालित यह भव्य परियोजना मानव कल्याण के लिए नए शोध के लिए शून्य गुरुत्वाकर्षण में संचालित



हो रही है, जो प्रतिदिन लगभग साढ़े सात किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से 15 पृथ्वी परिक्रमाएँ पूरी कर रही है।

डेड ने कहा कि आप जिस क्षेत्र में हैं, वहां से देख सकेंगे. विश्व प्रसिद्ध अंतरिक्ष अनुसंधानकर्ता डॉ. सुनीता विलियम्स और दस अन्य वैज्ञानिक केंद्र में हैं, जो पृथ्वी से लगभग 400 किमी दूर है और एक फुटबॉल मैदान से भी बड़ा है। 4 तारीख को शाम 7.16 बजे से उत्तर पश्चिम से दक्षिण पश्चिम की ओर, 5 तारीख को शाम 6.28 बजे से उत्तर पश्चिम से दक्षिण पूर्व की ओर। 7 तारीख को शाम 6.27 बजे से शुक्र ग्रह पश्चिम-उत्तर से दक्षिण की ओर करीब बढ़ता हुआ दिखाई देगा. इसके अलावा शाम के समय पश्चिमी आकाश में चमकीला शुक्र, दक्षिणी आकाश के मध्य में वलययुक्त ग्रह शनि और बृहस्पति, जो इस समय पृथ्वी के निकट आ रहा है, पूर्वी क्षितिज पर दिमाख में देखने के लिए तैयार हैं।

CMYK

गांव-गांव में (ग्रामनिहाय) पशुधन गणना शुरू

> पशुधन गणना में भाग लें और पशुधन की जानकरी देने में सहयोग करें: डॉ. सोमकुंवर

कोंढाली.

प्रत्येक पांच वर्षों के बाद केंद्र सरकार के आदेशानुसार राज्यों में पशुधन की गणना की जाती है. पशुपालन और दुग्ध विकास विभाग के माध्यम से, 25 नवंबर से नागपुर जिले में पशुगणना अभियान शुरू हो गया है. पशुधन की गणना 28 फरवरी, 2025 तक जारी रहेगी, इस दौरान गणनाकार घर-घर जाकर पशुधन के बारे में जानकारी एकत्र करेंगे। हर गांव और शहर में प्रगणक नागरिकों से बातचीत कर जानकारी जुटाएंगे। इस अभियान में सहयोग देने के लिये जिला पशुसंवर्धन अधिकारी डॉ. कविता मोर ने नागरिकों से इस पशुधन गणना में भाग लेने और पशुधन की जानकारी देने और सहयोग करने की अपील की है। इस पशुगणना में पशुधन एवं कुक्कुट की सभी प्रजातियों की गणना लिंग एवं आयु के अनुसार की जायेगी। पशुओं की गणना करने के लिए प्रगणकों को

प्रशिक्षित किया गया है क्योंकि पशुओं की गणना संगणकिय प्रणाली पर की जाएगी। पशुपालन विभाग के माध्यम से जिले में प्रगणक एवं पर्यवेक्षक नियुक्त किये गये हैं।

पशुधन की गणना के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए गणनाकारों की नियुक्ति की जाती है। उक्त पशुगणना में पशुधन एवं कुक्कुट की सभी प्रजातियों की गणना लिंग एवं आयु के अनुसार की जायेगी।

सभी इस अभियान को सफल बनाने के लिये ग्राम सरपंचों, ग्राम पंचायत अधिकारियों, सभी ग्राम पंचायत स्तर के सभी कर्मचारियों को पशु गणना करने वाले प्रगणकों को सहयोग करना चाहिए. यह पशु गणना 25 नवंबर 2024 से 28 फरवरी 2025 तक ग्राम/नागरी क्षेत्र स्तर पर की जाएगी।

जिससे ग्राम स्तर पर सभी पशुओं को पशुधन गणना में दर्ज किया जा सकेगा। पशुधन गणना से किसी भी पशुधन को बाहर नहीं किया जाएगा। पशुधन गणना में गणनाकर्ता परिवार के मुखिया का नाम, उसकी शिक्षा, पशुओं की प्रजाति, उम्र, लिंग, उन्हें किस उद्देश्य से पाला जाता है, उनसे प्राप्त उत्पाद जैसी विभिन्न जानकारियां एकत्र की जाएंगी।

बुचडखाने में,के साथ ही प्रतिदिन मारे जाने वाले पशु-पक्षियों की संख्या, गौशालाएं, छोटे-बड़े पंजीकृत और अपंजीकृत मुर्गी पालन संस्थान, मांस बिक्री केंद्र, प्रतिदिन काटे जाने वाले पशु, पक्षी, छुट्टा पशु, कुत्ते आदि का अलग-अलग पंजीकरण किया जाएगा।

अगले 5 वर्षों की योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण जानकारी

उक्त पशुगणना बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि इस पशुधनगणना से प्राप्त जानकारी अगले पांच वर्षों की योजना, रणनीतिक निर्णय और विभिन्न योजनाओं के लिए बहुत उपयोगी है। काटोल तालुका पशुधन विकास अधिकारी डॉ. लाडूकर और कोंढाली पशुधन चिकित्सा अधिकारी डॉ. इरोज सोमकुवर ने पशुओं की गणना करने वाले गणनाकारों से अपना अधिकतम सहयोग देने की अपील की है।

विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाट्य से किया एड्स से बचाव के बारे में जागरूक

> आशाराम कॉलेज ऑफ नर्सिंग का 'मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार' के तहत अभियान

कामठी.

माणकचन्द प्रभुदान चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित आशाराम कॉलेज ऑफ नर्सिंग कामठी के बीएससी नर्सिंग की छात्राओं द्वारा सोमवार 1 दिसंबर को उपजिला रूग्णालय के ओपीडी में मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार के तहत वर्ल्ड एड्स दिवस पर एड्स से बचाव के बारे में नुक्कड़ नाट्य कर विस्तार पूर्वक जागरूक किया गया.

एचआईवी, एड्स जागरूकता कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजिला रूग्णालय की अधीक्षक डॉ. नैना दुपारे ने की. कार्यक्रम दौरान मेडिकल ऑफिसर डॉ. प्रशांत डांगोरे, डॉ. नविता चौहान, डॉ. कपिल तराले, भारती देशमुख, आएशा शेख़ प्रमुखता से मौजुद रह कर मार्गदर्शन किए.

उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि हर साल एक दिसंबर को वर्ल्ड एड्स दिवस मनाया जाता है. इस दिन एड्स की रोकथाम, बचाव और कारणों के बारे में लोगों को जागरूक किया जाता है.

एड्स एक खतरनाक बीमारी है. इस बीमारी के कारण शरीर का

इम्युनिटी सिस्टम कमजोर हो जाता जाता है और वह अन्य बीमारियों से बचाव नही कर पाता. यह एचआईवी वायरस इन्फेक्शन की वजह से होता है. इस बीमारी को लेकर हमारे समाज में कई मिथक है. ज्ञात हो कि एड्स के बारे लोगों में जानकारी की काफी कमी है. इस दिन यह रोग कैसे फैलता है, इसके बचाव के तरीके, इसके टेस्ट, इसे जुड़े मिथक आदि के बारे में जानकारी देने की कोशिश की जाती है. लोगों में एचआईवी पॉजिटिव को लेकर कई अवधारणाएं होती है, इस दिन उन्हें भी दूर करने की कोशिश की जाती है. इस मौके पर कॉलेज के ट्रस्टी डॉ. राजेंद्र अग्रवाल, डॉ. सौरभ अग्रवाल, डॉ. अंकित अग्रवाल, डॉ. संजय गड़े ने भी उपस्थिति दर्ज करवाकर विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया.

कार्यक्रम में आशाराम कॉलेज ऑफ नर्सिंग की शिक्षिका ग्लोरी अब्राहम, आकाश पिल्लोर सहित स्कूल का स्टाफ, तीसरे सेमिस्टर के विद्यार्थी मौजूद रहे.

नागपुर-अमरावती राजमार्ग पर निर्मल सूत गिरणी में आग, भारी नुकसान

कोंढाली.

कोंढाली से करीब 6 किमी दूर नागपुर-अमरावती राजमार्ग 53 (6) पर स्थित निर्मल सुत गिरणी में बीती रात आग लगने की घटना सामने आई। यह घटना 1 दिसंबर की रात करीब 10:15 बजे हुई, जब निर्मल टेक्सटाइल (कपड़ा मिल) के ग्राउंड फ्लोर पर आग भड़क उठी।

आग लगने की सूचना मिलते ही नगर पंचायत कोंढाली और नगर परिषद काटोल की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। स्थानीय कामगारों और नागरिकों की मदद से आग पर काबू

पाने की कोशिश की गई। इस दौरान कोंढाली और खुर्सापार के युवाओं ने भी आग बुझाने में अहम भूमिका निभाई। कोंढाली पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने में जुट गई और अफरा-तफरी के माहौल को संभालने का प्रयास किया।

आग से ग्राउंड फ्लोर को भारी नुकसान हुआ है। हालांकि, अभी तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस और संबंधित विभाग मामले की जांच कर रहे हैं।

धान कटाई में 15 दिन विलंब

हलकी बारिश से धान फसल को नुकसान

कन्हान.

नागपूर जिल्हे मे विधानसभा चुनाओ के कारण धान फसल की कटाई 15 दीन के विलंब से हो रही है, वही मौसम विभाग की माने तो हलकी बारिश की संभावना बनी है, जिसमे जिले मे धान फसल के नुकसान के आसार बने हुवे है.

धान की कताई के लिये नागपूर जिल्हे मे हर साल की तरह भंडारा एवं गोंदिया जिल्हे से मजदुरो की गँग आती है, परंतु विधानसभा चुनाव के कारण मजदूर 15 दिन विलंब से के कारण धान कटाइ भी विलंब से ही हो रही है, उसमें मौसम विभाग के अनुसार बारिश की संभावना भी बनी हुई है, जिससे धान खराब हो सकते है, जिसका नुकसान सीधा किसान वर्ग को ही होनवाला है, वही इस साल धान किंमत 4200 रुपये बताइ जा रही है, वही पिछले साल यही धान 4750 के भाव से बेचे गये थे. इसिलिये धान की खेती करणे वाले किसान चिंतीत है.

शीवा ग्राम पंचायत के नागरिकों को दूषित पेयजल आपूर्ति

शिकायत पर कार्रवाई की मांग

बाजारगांव/कोंढाली.

नागपुर (ग्रा) तहसील के शीवा ग्राम पंचायत के 49 नागरिकों ने ग्राम पंचायत को एक लिखित शिकायत दी है, जिसमें उन्होंने बताया कि पिछले कई दिनों से उन्हें सप्ताह में केवल एक दिन ही पेयजल आपूर्ति की जा रही है। इसके अलावा, पेयजल आपूर्ति के लिए इस्तेमाल होने वाले वाल्व के पास गंदगी और कचरा जमा हुआ है, जिससे पेयजल में भी गंदगी मिल रही है।

नागरिकों ने यह भी शिकायत की कि जब वाल्व खोला जाता है, तो गंदगी से युक्त पानी नागरिकों को दिया जाता है। इसके बावजूद, ग्राम पंचायत द्वारा पेयजल टैक्स के रूप में 365 दिन का शुल्क लिया जाता है, जबकि पानी केवल 60 दिनों तक ही आपूर्ति की जाती है।

ग्राम पंचायत के इस गंभीर लापरवाही और दूषित जल आपूर्ति की जांच कर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। इसके साथ ही, नागरिकों ने ग्राम पंचायत सदस्य, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य, विधायक, सांसद, जिला पंचायत सीईओ, बीडीओ और विस्तार अधिकारी (पंचायत) से इस मुद्दे को गंभीरता से लेने और उचित कार्रवाई करने की अपील की है।

इस मामले में जब शीवा ग्राम पंचायत के ग्राम सचिव से संपर्क किया गया, तो उनका मोबाइल नंबर बंद था। बीडीओ राजवर्धिनी भागवत ने बताया कि शीवा गांव में दूषित जल आपूर्ति और सप्ताह में एक बार पानी वितरण के बारे में जानकारी प्राप्त करने के बाद जल्द ही कार्यवाही की जाएगी।

घर से सोने के आभूषणों की चोरी, आरोपी गिरफ्तार

उमरेड.

उमरेड के वायगाव घोटूली में चोरी करने वाले आरोपी को नागपुर क्राइम ब्रांच ने शनिचरा बाजार के पास से गिरफ्तार किया है। इसी चोरी के मामले में उसके दो अन्य नाबालिग साथियों को यशोधरा नगर पुलिस की टीम ने पकड़ा था। वारदात को अंजाम देने के लिए आरोपियो ने जिस दुपहिया वाहन का इस्तेमाल किया था उसे उन्होंने नागपुर से ही चोरी किया था। इन दोनों कार्रवाई के दौरान पुलिस ने चोरी का माल भी बरामद किया है।

क्राइम ब्रांच यूनिट 5 द्वारा पेट्रोलिंग के दौरान शनिचरा बाजार फायर ब्रिगेड ऑफिस के पास संदिग्ध रूप में घूमते हुए विक्की योगेश डेहरिया नामक युवक को पकड़ा था। जब उस की तलाशी ली गई तो उसके पास सोने के आभूषण मिले। पूछताछ में उसने अपने दो नाबालिक साथियों के साथ मिलकर उमरेड के वायगांव घोटूली के पास एक घर से करीब 70 ग्राम सोने के आभूषण चोरी करने की कबूली दी। उसके दोनों नाबालिक साथियों को यशोधरा नगर पुलिस की टीम ने राजीव गांधी नगर स्थित फ्लाईओवर के नीचे से पकड़ा था।

उनके पास से तीन दोपहिया वाहन सोने च के आभूषण सहित साढ़े 4 लाख रूपयों का माल पुलिस ने बरामद किया था। अपराध में इस्तेमाल दोपहिया गाड़ी को आरोपियो ने वाडी से चुराया था। इसके बाद वह इस गाड़ी से कुहि पहुंचे। पेट्रोल खत्म होने के कारण उन्होंने इस गाड़ी को कुहि में ही छोड़ दिया और वहां से एक और पल्सर गाड़ी को चोरी कर उमरेड पहुंचे थे। उमरेड से घर में बड़ी सेंधमारी की वारदात को अंजाम देने के बाद ये सभी नागपुर पहुंचे जहां क्राइम ब्रांच और यशोधरा नगर पुलिस की टीम ने अलग-अलग कार्रवाई में इन तीनों को पकड़ा है। उनके पास से बड़ी मात्रा में चोरी के माल सहित अपराध में इस्तेमाल की गई 3 दुपहिया वाहनों को भी पुलिस ने बरामद किया है।

बिक्री के लिए महुआ शराब ले जाने वाले को पुलिस ने पकड़ा

> कुल 22 हजार का माल जब्त, एक आरोपी फरार
> बढ़ रहे अवैध शराब बिक्री के प्रमाण

वाडी.

वाडी थाने अंतर्गत लावा बोडारा रोड से सोमवार को महुआ शराब बिक्री करने ले जा रहे आरोपियों को वाडी थाने कर्मियों ने रंगे हाथ पकड़ने से अवैध शराब बिक्री महियाओं में हलचल मची हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह 10:30 बजे दौरान वाडी थाने के डीबी टीम द्वारा गुप्त जानकारी के आधार पर लावा बोडारा रोड पर गश्त के दौरान एक टू व्हीलर एक्टिवा क्र से आरोपी गोकुल चंद्रशेखर वानखडे उम्र 25 वर्ष गिट्टीखदान भिवसंखोरी चिंतामणि नगर निवासी को धर दबोचा। जिसमें एक आरोपी बिस्वा गोंडखैरी निवासी की तलाश जारी है।जिस समय वाडी पुलिस सरकारी वाहन से गश्त कर गुप्त समाचार के माध्यम से प्राप्त सूचना के आधार पर घटना दिनांक, समय एवं स्थान पर छापामार कार्यवाही करते हुए

पूछा गया कि महुआ शराब जो सफेद रंग की प्लास्टिक 15 पैकेट महुआ शराब लगभग 150 लीटर कीमत 150 रूपये प्रति लीटर कुल 22,500/- रूपये यह कहां से लाया गया है बताया कि बिस्वा नाम का जो गोंडखैरी निवासी है उससे शराब लेकर आया था। आरोपियों पर महाराष्ट्र शराब अधिनियम की धारा 65(ई) के तहत मामला दर्ज किया गया। आगे की जांच वाडी थाने के पीआई राजेश तटकरे के मार्गदर्शन में जारी है।

–क्षेत्र में काफी प्रमाणों में अवैध शराब बिक्री की जानकारी सामने आ रहीं है। देर रात तक वड़धामना के ढाबों पर शराब बिक्री होती है।

सुबह से कई ढाबों पर शराब की बिक्री होती है,साथ ही गोंडखैरी क्षेत्र से अनेक सालों से भिवसंखोरी वाडी में शराब लाई जाती है और धड़ल्ले से महुआ जैसे हानिकारक शराब की बिक्री होती है।

कल राष्ट्रीय कृमिनाशक दिवस अभियान

> बच्चों में कुपोषण, रक्ताल्पता से बचाव के लिए कृमिनाशक गोली की आवश्यकता: गोयल

नागपुर.

नागपुर शहर में राष्ट्रीय कृमिनाशक दिवस के सफल आयोजन के संदर्भ में अतिरिक्त आयुक्त आंचल गोयल की अध्यक्षता में टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर गोयल ने आह्वान किया कि किशोरावस्था में बच्चों में कुपोषण और रक्ताल्पता को रोकने के लिए कृमिनाशक गोली दी जाए।

मनपा मुख्यालय स्थित अतिरिक्त आयुक्त सभागृह में आयोजित इस बैठक में मनपा के चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक सेलोकर, अतिरिक्त चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र बहिरवार, प्रजनन और बालकल्याण अधिकारी डॉ. सरला लाड, विश्व स्वास्थ्य संगठन के चिकित्सा अधिकारी डॉ. मोहम्मद साजीद, और अन्य प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

राष्ट्रीय कृमिनाशक दिवस अभियान 4 दिसंबर और 10 दिसंबर मॉप-अप दिन) को आयोजित किया जाएगा। कृमिनाशक के कारण बच्चों में कुपोषण, रक्ताल्पता और शारीरिक व मानसिक विकास में कमी आती है, जिससे थकावट और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न होती हैं। राज्य में लगभग 28% बच्चों में कृमि संक्रमण पाया जाता है। इस संक्रमण को कम करने के लिए, केंद्र सरकार की मार्गदर्शन अनुसार, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को कृमिनाशक गोली दी जाएगी। 4 दिसंबर को सभी सरकारी और निजी स्कूलों में छात्रों को यह गोली दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, मनपा के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर भी यह गोली उपलब्ध होगी। इस अवसर पर प्रजनन और बालकल्याण अधिकारी डॉ. सरला लाड भी उपस्थित थीं।

छात्रों का खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन

नागपुर.

आदिवासी विकास विभाग प्रकल्प कार्यालय के अंतर्गत आयोजित प्रकल्प स्तर की खेल प्रतियोगिता में अनुदानित आदिवासी आश्रमशाला देवळी (पेंढरी) के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। यह प्रतियोगिता सरकारी आश्रमशाला लाडगांव में आयोजित की गई, जिसमें कुल 18 अनुदानित और 6 सरकारी स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया।

देवली (पेंढरी) आश्रमशाला के छात्रों ने 14 वर्ष और 17 वर्ष की आयु वर्ग में कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, और दौड़ जैसी खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कई प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किए। इस प्रदर्शन के आधार पर छात्रों का चयन चंद्रपुर में आयोजित होने वाली विभागीय स्तर की खेल प्रतियोगिता के लिए किया गया है।

अधिकारियों और शिक्षकों ने दी शुभकामनाएं

छात्रों की इस सफलता पर संत गमाजी महाराज शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री रमेशचंद्र बंग, कोषाध्यक्ष महेश बंग, उपाध्यक्ष अरुणा बंग, स्कूल के संपर्क अधिकारी राजेंद्र बोचर, स्कूल के मुख्याध्यापक महेश चौधरी, माध्यमिक मुख्याध्यापिका सुप्रिया तुपेकर, खेल शिक्षक प्रभु तिडके और अन्य शिक्षकों एवं छात्रावास के कर्मचारियों ने छात्रों को बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

सामूहिक खेलों में उपलब्धियां: हैंडबॉल (लड़कियां, 17 वर्ष से कम) - प्रथम, कबड्डी (लड़कियां, 14 वर्ष वर्ग) - द्वितीय, खो-खो (लड़कियां, 14 वर्ष से कम) - द्वितीय, कबड्डी (लड़के, 17 वर्ष वर्ग) - द्वितीय, खो-खो (लड़के, 17 वर्ष से कम) - द्वितीय, हैंडबॉल (लड़के, 14 वर्ष वर्ग) - द्वितीय, व्यक्तिगत खेलों में उपलब्धियां

14 वर्ष से कम आयु वर्ग: 1. अस्मिता कासदेकर: 600 मीटर, 200 मीटर, 100 मीटर (प्रथम), 2. चांदनी कासदेकर: 200 मीटर रिले (प्रथम), 3. विजेश आठोले: 200 मीटर रिले (द्वितीय), 4. आकाश जामुनकर: 100 मीटर रिले (द्वितीय), 5. रोहन कासदेकर: 200 मीटर रिले (द्वितीय)

17 वर्ष आयु वर्ग: 1. आदर्श कोडापे: 100 मीटर, 200 मीटर (प्रथम).

अज्ञात व्यक्ति का मिला शव

नागपुर.

मध्य रेल्वे के नागपुर डिवीजन अंतर्गत बामपूर स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 8 पर 27 नवंबर की रात एक अज्ञात व्यक्ति मृत पाया गया। ड्यूटी पर तैनात डीवायएसएस अधिकारी संेके रोकडे ने घटना की सूचना लिखित मेमो के माध्यम से रेल पुलिस को दी।

रिपोर्ट के अनुसार, प्लेटफॉर्म पर अज्ञात व्यक्ति को बेसुध पड़ा पाया गया। रेल्वे के डॉक्टर नालंदा गडकरी ने उसे जांच के बाद रात 11:10 बजे मृत घोषित किया और मृत्यु प्रमाणपत्र जारी किया। 28 नवंबर को रेल पुलिस ने मामले में मर्ग क्रमांक 84/2024 के तहत जांच शुरू की और घटनास्थल का मुआयना किया। मृत व्यक्ति की उम्र लगभग 60 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस को मृतक के पास से उसकी पहचान के लिए कोई दस्तावेज या सामान नहीं मिला है।

रेल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मृतक की पहचान के प्रयास जारी हैं। घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया

नागपुर.

मेजर हेमन्त जकाते विद्यानिकेतन, म्हालगी नगर चौक, नागपुर में हाल ही में "विज्ञान प्रदर्शनी" का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मनीषा शिक्षण प्रसारक मंडल के सचिव मधुसूदन मुडे और विद्यालय की प्राचार्या शीला मुडे ने विद्यार्थियों को बहुमूल्य मार्गदर्शन प्रदान किया।

विभिन्न विषयों पर आधारित 300 परियोजनाओं का प्रदर्शन छात्रों ने किया, जिनमें पर्यावरण, नए ऊर्जा स्रोत, कार्बन डाइऑक्साइड कम करने वाली मशीनें, विभिन्न प्रकार के एटीएम, समृद्ध भारत बनाने के लिए कृषि में चिकित्सा नवाचार आदि शामिल थे।

कार्यक्रम का संचालन मंजूषा शिंदे ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन राजेश शिंदे सर ने किया। इस आयोजन ने विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति और अधिक प्रेरित किया और उनके विचारों को साझा करने का एक उत्कृष्ट मंच प्रदान किया।

जिएं तो जिएं कैसे, हवा खराब और पानी बेकार

> प्रदुषण को नियंत्रित करने पर ध्यान देना जरूरी

नागपुर.

हमारे युग की सबसे बड़ी विपत्तियों में से सबसे बड़ा है प्रदूषण, जो न केवल जलवायु परिवर्तन पर तेजी से प्रभाव डाल रहा है, बल्कि बढ़ती रुग्णता और मृत्यु दर का भी कारण है। ऐसे कई प्रदूषक हैं, जो मनुष्यों में बीमारी के प्रमुख कारक हैं। प्रदूषण, पर्यावरण और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर खतरा है।

नेशनल पॉल्यूशन कंट्रोल डे यानी राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस है। इस दिन सख्त पर्यावरणीय नियमों को बढ़ावा देकर और व्यक्तियों और उद्योगों से समान रूप से जिम्मेदार व्यवहार को प्रोत्साहित किया जाता है। देश को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न अभियान चलाए जाते हैं। इसमें नागपुर भी सहभागी होता है। लोगों में जागरूकता के लिए मैराथन, वॉकथॉन, कल्चरल प्रोग्राम, ड्रामा और कैंपेन चलाए जाते हैं। नतीजा यूथ पर्यावरण के प्रति जागरूक हो रहा है। हर कॉलेज में युवाओं का एक क्लब होता है, जो एक्टिविटी में पर्यावरण के प्रति जागरूकता' का एक कार्यक्रम जरूर शामिल करता है।

आगामी दशक में भारत में जल संकट गंभीर स्तर पर पहुंचने की आशंका है। नीति आयोग के अनुसार, 2030 तक देश इतिहास के अपने सबसे खराब जल संकट का सामना कर सकता है, क्योंकि पीने योग्य पानी की मांग आपूर्ति से अधिक हो जाएगी। भारत की लगभग 40% जल आपूर्ति भूजल संसाधनों से आती है, जो "अस्थायी दरों' पर समाप्त हो रही है।

निधन वार्ता

निधन समाचार के निःशुल्क प्रकाशन हेतु संपर्क करे हमे ई-मेल करे ngpms2019@gmail.com

अनुप धर्मे

नागपुर. अनुप नामदेव धर्मे का 48 आयु में शनिवार को अल्पकालिक बीमारी के कारण निधन हो गया। वह रेशीमबाग में रहते थे. उनका अंतिम संस्कार गंगाबाई घाट पर किया गया। वे अपने पीछे भरपूर परिवार छोड़ गए।

दत्तात्रय बालाखे



नागपुर. दत्तात्रय नारायण बालाखे का सोमवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को सुबह 10 बजे गंगाबाई घाट पर किया जायेगा। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए है ।

जरूरतमंदों को कड़क ठंड से बचाने वितरित किये कंबल

हिंगनघाट.

मार्गशीर्ष अमावस्या के पावन अवसर पर नारायण सेवा मित्र परिवार हिंगनघाट और अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच एलिट लेडीज विंग ने मिलकर जरूरतमंदों के बीच कंबल, गरम टोपी और मिठाई का वितरण किया। यह कार्यक्रम स्थानीय जलाराम मंदिर परिसर में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नारायण सेवा मित्र परिवार के अध्यक्ष महेश अग्रवाल ने की। मंच पर अशोक आकडे (उपाध्यक्ष, पी.वी. टेक्सटाइल जाम), डॉ. रमेश राका, महेश दीक्षित (सेवानिवृत्त मुख्याधिकारी), अशोक मिहानी (संचालक, स्वाद चहा), आशीष जाना (संचालक, इरा अर्बन बैंक), प्रा. किरण वैद्य (अध्यक्ष, पत्रकार संघ हिंगणघाट), अपर्णा

मरोठी (अध्यक्ष, मारवाड़ी युवा मंच एलिट लेडीज विंग), डॉ. रुपाल कोठारी (अध्यक्ष, इनरव्हील क्लब), प्रा. लतिका बेलेकर, किरण मुनोत, डॉ. दीपाली बोंडे और डॉ. प्रणाली सायंकार उपस्थित रहीं। अध्यक्षीय भाषण में महेश अग्रवाल ने कहा, "समाज के पीड़ित और वंचित वर्गों की मदद करना ही जीवन का वास्तविक सुख है।

नर सेवा ही नारायण सेवा है। ऐसे कार्यों में भाग लेकर हम समाज के जरूरतमंदों को राहत पहुंचा सकते हैं।" कार्यक्रम का संचालन सचिव पराग मुडे ने किया और आभार अंकिता मुंधड़ा ने व्यक्त किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नारायण सेवा मित्र परिवार और मारवाड़ी युवा मंच एलिट लेडीज विंग के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने योगदान दिया।

सेवा से जुड़ा यह उपक्रम बना प्रेरणा का स्रोत

ठंड से बचाव के लिए किए गए इस कार्य ने समाज के अन्य लोगों को भी प्रेरित किया। यह आयोजन न केवल जरूरतमंदों के लिए राहत का स्रोत बना, बल्कि समाज में सेवा और समर्पण की भावना को भी बढ़ावा दिया।

एमओयू के तहत अतिथि व्याख्यान का आयोजन

हिंगनघाट .

मातोश्री आशाताई कुणावार कला, वाणिज्य एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय, हिंगनघाट और स्वामी विवेकानंद अभ्यासिका, हिंगनघाट के संयुक्त तत्वावधान में एमओयू के अंतर्गत एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमेश तुलसकर ने की। मुख्य वक्ता के रूप में प्रा. योगेश वानखेडे ने मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर डॉ. सपना जयस्वाल, ग्रंथालय विभाग प्रमुख डॉ. सुनंदा गिरडे, प्राध्यापक वर्ग और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से की गई। प्रास्ताविक प्रा. प्रीति दुबे ने किया और पुस्तकालय एवं पुस्तकों के महत्व को मानव जीवन के संदर्भ में उजागर किया। प्रमुख मार्गदर्शक प्रा. योगेश

वानखेडे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि किताबें जीवन को दिशा देने का कार्य करती हैं। उन्होंने बताया कि स्पर्धा परीक्षाएं अपने सपनों को पूरा करने का सशक्त माध्यम हैं। विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर दृढ़ इच्छाशक्ति और मेहनत के साथ सफलता प्राप्त करने का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. उमेश तुलसकर ने कहा कि "किताबें जीवन को सरल और सफल बनाती हैं। 'वाचाल तर वाचाल' (यदि पढ़ेंगे, तो बचेंगे) ही आत्मनिर्भर जीवन का मंत्र है।" उन्होंने अपने विचार विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से साझा किए। डॉ. सपना जयस्वाल ने अभ्यासिका के महत्व पर चर्चा करते हुए बताया कि यह छात्रों को दैनंदिन जीवन के कोलाहल से बाहर निकालकर पढ़ाई में एकाग्रता लाने में मदद करती है।

कार्यक्रम का संचालन कु. प्रांजली थुल ने किया और आभार प्रदर्शन डॉ. सुनंदा गिरडे ने किया। कार्यक्रम की सफलता में महाविद्यालय के प्राध्यापक वर्ग, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं विद्यार्थियों का विशेष सहयोग रहा।

किसानों की फसलों को अज्ञातों ने कर दिया आग के हवाले

गोंदिया.

गोंदिया जिले में इन दिनों अज्ञातों द्वारा किसानों के पीले साने अर्थात धान के पुंजनों को आगे के हवाले कर दिया जा रहा है। अधिकांश घटनाओं में यही सामने आया है कि आपसी विवादों के चलते नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से धान के पुंजनों को जलाया जा रहा है। इसी तरह अब गोंदिया तहसील के दासगांव में एक किसान के खेत में लगे धान के पुंजनों को आग के हवाले कर दिया गया है। यह घटना 30 नवंबर को घटित हुई। घटना से किसान को 96 हजार रुपए का नुकसान होने की बात सामने आई है। पीड़ित किसान कमलेश तुरकर ने शासन से जल्द से जल्द मुआवजा देने की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कमलेश तुरकर ने धान की कटाई कर अपने खेत में ही पुंजने (ढेर) बनाकर रखा था।

इसी दौरान अज्ञातों द्वारा उनके धान के ढेर को आग के हवाले कर दिया गया। जिसमें पूरा धान जलकर खाक हो गया। इस घटना में तुरकर को लगभग 96 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। पटवारी ने घटना स्थल पर पहुंचकर पंचनामा किया है। पीड़ित किसान को जल्द से जल्द नुकसान भरपाई दिए जाने की मांग ग्रामीणों ने की है।

प्रापर्टी को लेकर पति-पत्नी की पिटाई

गोंदिया.

प्रापर्टी के विवाद को लेकर आरोपियों ने सांठगांठ कर फरियादी ओमराव रतीराम तुलसीकर (55) और उसकी पत्नी की पिटाई कर दी। इतना ही नहीं तो आरोपियों ने फरियादी के दोपहिया वाहन क्रमांक एमएच 35 यु 4571 को तोड़फोड़ कर नुकसान कर दिया। वहीं एक आरोपी ने फरियादी के घर पर रखे लोहे के ताले से सिर पर प्रहार कर दिया।

जिसमें वह जख्मी हो गया। यह घटना 30 नवंबर को घटी। आरोपियों में सिंगलटोली निवासी बाजीराव रतीराम तुलसीकर, हिरालाल बाजीराव तुलसीकर, जितेंद्र बाजीराव तुलसीकर का समावेश है। फरियादी की शिकायत एवं मेडिकल रिपोर्ट पर अर्जुनी मोरगांव पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच पुलिस हवलदार गोंडाणे कर रहे है।

जलजीवन मिशन योजना अधूरी

गोंदिया.

> निधि के अभाव में काम ठप

केंद्र व राज्य शासन की ओर हर घर जल, जल से नल की तर्ज पर जल जीवन मिशन योजना चलाई जा रही है। इस योजना के माध्यम से प्रत्येक परिवार को शुद्ध पेयजल मिलने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन अर्जुनी में योजना सफेद हाथी बनकर रह गई है। निधि के अभाव में जल जीवन मिशन योजना अटक गई है। संबंधित ठेकेदार भी योजना के काम को लेकर उत्साह नजर नहीं आ रहे हैं। वहीं जनप्रतिनिधि तथा संबंधित विभाग की अनदेखी से योजना के भविष्य पर ही प्रश्नचिह्न निर्माण हो रहे हैं।

गौरतलब है कि शासन की जलजीवन मिशन योजना जिले सहित तहसील में चर्चा का विषय बनी हुई है। योजना अंतर्गत किए गए घटिया दर्जे के कामों पर नागरिकों के आरोप लगते रहे हैं। जिले सहित तिरोड़ा तहसील के गांव-गांव में जल जीवन मिशन अंतर्गत

बड़े पैमाने पर काम किए गए। लेकिन अब भी इस योजना के अंतर्गत 5 फीसदी कार्य पूर्ण नहीं हुआ है। अनेक कार्य अब भी प्रलंबित है। तिरोड़ा तहसील में नॉबकॉन प्रा. लि. कंपनी की ओर से भंडारा के एक ठेकेदार को काम की जिम्मेदारी दी गई है। जिसका कार्यारंभ आदेश 11 मई 2023 को दिया गया। वहीं काम पूर्ण करने की कालावधि 31 मार्च 2024 तक थी। उक्त काम के लिए राज्य शासन की ओर से 33 लाख 5 हजार 928 रुपए व केंद्र सरकार की ओर से 33 लाख 5 हजार 928 इस प्रकार कुल 66 लाख 11 हजार 857 रुपए की निधि मंजूर की गई थी। योजना अंतर्गत पंप हाऊस, पंपिंग मशीनरी, पानी टंकी, वितरण व्यवस्था, पावर ग्रीड, नल कनेक्शन सहित अन्य काम किए जाने आवश्यक थे। लेकिन काम पूर्ण करने की कालावधि समाप्त होने के बावजूद भी अर्जुनी गांव में पानी टंकी का काम तक अधूरा है। 7 माह की कालावधि बीतने के बावजूद कामों को पूर्ण करने की ओर अनदेखी की जा रही है। निधि नहीं होने के कारण काम रोके जाने की जानकारी सामने आ रही है। जिससे योजना के भविष्य पर ही प्रश्नचिह्न लग रहे हैं। यह योजना अर्जुनी गांव के नागरिकों के लिए सिरदर्द साबित हो रही है।

दुर्घटना में वाहन चालक की मौत

गोंदिया. चिचगड़ थानांतर्गत पदमपुर में चौपहिया वाहन क्रमांक सीजी 08 एयु 7419 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए दोपहिया वाहन क्रमांक एमएच 35 एओ 7860 को सामने से टक्कर मार दी। जिसमें पदमपुर निवासी रूपचंद कारू कोरे (56) की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक सब्जी बेचने के बाद अपने दोपहिया वाहन से पदमपुर आ रहा था। इस दौरान चिचगड से देवरी जा रहे चौपहिया वाहन के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसके वाहन को सामने से टक्कर मार दी। जिसमें उसकी मौत हो गई। घटना के बाद वाहन चालक घटना स्थल से फरार हो गया। यह घटना 24 नवंबर की शाम को घटी। फरियादी पुलिस हवलदार सुनील भाउराव नामुर्ते की रिपोर्ट पर चिचगड़ पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 281, 125 (ए) 125 (बी), 106 (1) के तहत मामला दर्ज किया है।

खुली नालियां पशुओं के लिए बन रहीं जानलेवा

> नालियों में फंसकर हो रहें घायल

गोंदिया.

शहर में खुली नाली एवं मेन होल के खुले रहने वजह से यह अब जानलेवा साबित होने लगे हैं। पिछले दिनों पूर्व विधायक सहषराम कोरोटे का चौपहिया वाहन भी मेन होल में फंस गया था। बावजूद आज तक वह मेनहोल जैसे थे की स्थिति में है। वहीं शहर की खुली नालियां पशुओं के लिए जानलेवा बन रही है। 1 दिसंबर को फूलचुर परिसर में एक मवेशी खुली नाली में गिर गई। जिसकी वजह से उसे निकालने के लिए अग्निशमन कर्मचारियों को बुलाया गया और जेसीबी की सहायता से उसे नाली के बाहर निकाला गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मनोहर चौक से फूलचुर नाका की ओर जानेवाले मार्ग के दोनों छोर पर गहरी नालियां है, जो अनेक जगहों पर खुली अवस्था में ही है। सिर्फ इसी परिसर में नहीं, बल्कि शहर के हर क्षेत्र

में खुली नालियां देखी जा सकती है। जहां से अनेकों बार मवेशियों के फंसने की खबरें आते रहती है। 1 दिसंबर को बम्लेश्वरी पेट्रोल पंप के सामने इसी तरह की घटना घटित हुई। जहां की खुली नाली में एक मवेशी बुरी तरह फंस गई थी। जिसे निकालने के लिए नागरिकों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों एवं जेसीबी की सहायता से उसे बाहर निकाला गया। इस तरह की घटनाएं आए दिन शहर में कहीं न कहीं घटित हो रही है। बावजूद स्थानीय प्रशासन खुले मेनहोल एवं नालियों को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहा है।

सड़क हादसे में एक युवक की मौत, एक गंभीर जख्मी

अकोला खामगांव मार्ग पर हुई घटना

अकोला.

बालापुर में खामगांव-अकोला मार्ग पर बालापुर के शिमला ढाबे के समीप सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई और एक युवक गंभीर ज़ख्मी रूप से घायल हो गया।

बुलढाणा जिले के नांदुरा निवासी शेख जावेद और शेख फैजान किसी काम से अकोला आये थे। वहां काम निपटाने के बाद वो दोनों अपनी बाइक से वापस नांदुरा आ रहे थे। इसी दौरान अकोला-खामगांव मार्ग पर बालापुर में शिमला ढाबे के पास उनकी बाइक दूसरे वाहन से टकरा गई। बाइक टकराने के चलते दोनों युवक नीचे गिर गए।

गंभीर चोट आने से शेख जावेद की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका अस्पातल में इलाज चल रहा है। घायल युवक की भी हालत काफी नाजुक बताई जा रही है।

कपास की फसल में बड़े पैमाने पर संक्रमण

> कीटनाशक के छिड़काव के बाद भी खत्म नहीं हो रहे लार्वा

अकोला.

अकोट तहसील के कुटासा में कपास की फसल में बड़े पैमाने पर संक्रमण का पता चला है। इससे पहले से ही संकट में फंसे किसानों की परेशानी और बढ़ गई है। विभिन्न प्रकार के कीटनाशकों का छिड़काव करने के बाद भी कीड़े खत्म नहीं हो रहे हैं। किसानों की मांग है कि कृषि विभाग किसानों का मार्गदर्शन करे। कुटासा रोहनखेड़ क्षेत्र के किसान नकदी फसल के रूप में कपास की खेती करते हैं। इस साल भी किसानों ने हजारों हेक्टेयर में कपास की फसल लगाई है। किसानों के घर में कपास आने का समय आ गया है। लेकिन कपास की फसल पर लार्वा ने हमला कर दिया है। लार्वा पेड़ों के तनों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इससे किसान बड़े संकट में हैं और कृषि फसल पर होने वाला खर्च भी नहीं निकल पा रहा है। किसानों को अब अपनी चिंता सताने लगी है कि महंगी दवा का छिड़काव करने के बाद भी लार्वा की मात्रा कम नहीं हो रही है। इस इलाके के किसानों की मांग है कि सरकार कुछ ऐसे कदम उठाए जिससे किसानों का गुजारा हो सके।

बिजली खंभों पर बड़ी संख्या में लटक रहे बैनर

> हादसे के बाद भी नहीं जागा स्थानीय प्रशासन

गोंदिया.

शहर के व्यापारी, शैक्षणिक संस्थाओं और राजनीतिक दलों द्वारा अपने प्रचार-प्रसार करने के लिए सरकारी संपत्ति का दुरुपयोग किया जा रहा है। शहर में बिजली पोल निजी संस्थाओं के लिए प्रचार का साधन बने हुए हैं। शहर के अधिकांश बिजली पोल और पेड़ों पर बिना अनुमति के विज्ञापन के कट आउट, बैनर और बोर्ड आदि देखे जा सकते हैं। इसी तरह सार्वजनिक स्थलों पर भी बिना अनुमति के विज्ञापन पोस्टर आदि लगे हुए हैं। बावजूद स्थानीय प्रशासन इन अवैध पोस्टरों एवं बैनरों को लेकर गंभीर नहीं है। विगत कुछ माह पहले ही सिविल लाइन के हनुमान चौक में विद्युत पोल पर से बैनर निकालने के लिए चढ़े छोटा गोंदिया निवासी आकाश नागरिकर नामक युवक को बिजली का झटका लगा था। जिसमें उसकी मौत हो गई थी। इस घटना के बाद भी स्थानीय प्रशासन ने संज्ञान नहीं लिया है।

गौरतलब है कि सरकारी पोल पर प्रचार बोर्ड लगाना अवैध है, लेकिन शहर में खुलेआम प्रशासन के सामने नियमों की अवहेलना की जा रही है। नगर परिषद द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इससे राजस्व की हानि हो रही है। इतना ही नहीं तो बिजली पोल पर बैनर लगने से बिजली कर्मचारियों को फाल्ट होने पर उसे सुधारने के लिए परेशान होना पड़ता है। बिजली कर्मचारियों के अनुसार पोल पर चढ़ने के लिए एक तो सीढ़ी लगाने में दिक्कत होती है, वहीं कई बार हादसा होने का खतरा रहता है। जानकारी के अनुसार विद्युत पोल हो या स्ट्रीट लाइट के पोल या पेड़ आदि किसी पर भी प्रचार बोर्ड या विज्ञापन बोर्ड नहीं लगा सकते। यदि कोई ऐसा करता है तो उसके खिलाफ नगर परिषद व प्रशासन की ओर से संबंधित व्यक्ति या संस्था पर मामला दर्ज किया जा सकता है। वहीं बोर्ड लगाने से महावितरण के कर्मचारियों को बिजली ठीक करने में परेशानियां होती है।

कोयला ले जा रहे टिप्पर ने दुपहिया सवार को मारी टक्कर

गोंदिया.

तिरोड़ा तहसील के ग्राम सितेपार निवासी पति-पत्नी अपनी दुपहिया वाहन से चिकित्सकीय इलाज करवाने के लिए तुमसर जा रहे थे। इसी बीच माडगी पावर हाऊस के सामने कोयले से भरे टिप्पर ने उनके वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में पीछे बैठी महिला की मौके पर ही मृत्यु हो गई। यह घटना 1 दिसंबर को सुबह 10.30 से 11 बजे के आसपास घटित हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सितेपार निवासी बामचंद रहांगडाले एवं वैशाली रहांगडाले दुपहिया वाहन क्रमांक एम.एच.35/ए.एफ.5045 से चिकित्सकीय इलाज के लिए तुमसर जा रहे थे। इस बीच माड़गी पावर हाऊस के सामने कोयला लदे टिप्पर चालक ने अपने वाहन को तेज गति से दौड़ाकर उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वैशाली रहांगडाले (35) की मौके पर ही मौत हो गई एवं

> महिला की मौत

बामचंद रहांगडाले को भी गंभीर चोट आई। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें कि तिरोड़ा-भंडारा मार्ग पर बड़ी संख्या में कोयले से भरे टिप्पर तेज गति से दौड़ते रहते हैं। जिनके चलते यह मार्ग आवागमन करनेवालों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है।

दुर्घटना में साइकिल चालक की मौत

गोंदिया । सालेकसा पुलिस थानांतर्गत कुणबीटोला में आ रहे युवक की साइकिल को अज्ञात वाहन चालक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें उसके सिर पर गंभीर चोट लगने से उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक घटना स्थल से फरार हो गया। यह घटना 30 नवंबर को घटी।

कुणबीटोला निवासी फरियादी राजेंद्र श्याम मेश्राम (52) की रिपोर्ट पर सालेकसा पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 (1), 281 के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच पुलिस हवलदार मानकर कर रहे है।

दरियापुर-अकोला रोड पर लासूर के पास हुई दुर्घटना

अमरावती.

दरियापुर-अकोला मार्ग पर दो चार पहिया वाहनों की भीषण टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसा उस वक्त हुआ जब दो तेज रफ्तार कारें आमने-सामने आ गईं.

आज दोपहर करीब 3 बजे दरियापुर-अकोला रोड पर दो तेज रफ्तार चार पहिया वाहन आपस में टकरा गए. इस हादसे में विनीत गज्जनराव बिजवे और प्रतीक माधवराव बोचे की मृत्यु हो गई.

जिन कारों का एक्सीडेंट हुआ उनमें से एक में चार लोग सवार थे और दूसरी कार में दो लोग सवार थे. इन छह लोगों में से दो की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं, गोलू बेलबीर नाम के तीसरे शख्स को इलाज के लिए अस्पताल लाया जा रहा था, तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई.

फसलों पर कीटनाशकों के छिड़काव से जलाशय का पानी हो रहा दूषित

> दूषित जल नलों से पहुंच रहा घरों तक, लोगों का स्वास्थ्य खतरे में

गोंदिया.

अर्जुनी मोरगांव तहसील के नवेगांवबांध के जलाशय में बड़े पैमाने पर गाद जमा हो गया है। जलाशय अंतर्गत आनेवाली जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। अतिक्रमित जगह पर किसान फसल उगाते हैं। फसलों पर रासायनिक व कीटनाशकों का छिड़काव किया जाता है। जिससे जलाशय का जल दूषित व जहरीला हो गया है। यहां से नवेगांवबांध ग्राम पंचायत, सिरेगांव व पिंपलगांव में जलापूर्ति योजना द्वारा 28 गावों में जलापूर्ति की जाती है। इसकी वजह से 7 हजार परिवारों सहित पशु-पक्षियों की जान खतरे में आ गई है। ग्रामवासियों की ओर से उक्त परिसर का अतिक्रमण हटाकर स्वच्छ जलापूर्ति की मांग की जा रही है। बावजूद सरकार इस समस्या को अनदेखा कर रही है।

गौरतलब है कि नवेगांवबांध के कोलू उर्फ कवलु पाटिल डोंगरवार ने 450 वर्षों पहले सिंचाई के लिए सात पर्वतों के मध्य भाग में जलाशय की खुदाई का काम किया। जिसके अधूरे काम को उनके पुत्र नवेगांवबांध के मालगुजार सीताराम पाटिल डोंगरवार ने पूरा किया था। उस दौरान गट क्रमांक 1292 में 5698 हेक्टेयर आर जलग्रहण क्षेत्र में 1000.34

हेक्टेयर आर डूबित क्षेत्र था। इसमें से 824 हेक्टेयर आर जमीन वर्तमान स्थिति में उपलब्ध है। शेष 200 हेक्टेयर आर तालाब क्षेत्र की जमीन पर रामपुरी, जांभडी, येलोडी, पवनी, धाबेटेकड़ी, रांजीटोला व कोहलीटोला गांव के कुछ किसानों ने अतिक्रमण कर वहां से कृषि जमीन निकाली है। यहां किसान फसल की बुआई करते हैं। फसलों पर रासायनिक खाद व कीटकनाशक दवा का छिड़काव किया जाता है। इसकी वजह से पानी दूषित व विषैला हो गया है। इस जलाशय से सटकर ही नवेगांव-नागझिरा अभायरण्य हैं। जहां बड़ी संख्या में वन्यप्राणियों का विचरण रहता है। वे वहीं का पानी पीते हैं। यह विषयुक्त पानी मनुष्य, प्राणी व पक्षियों के शरीर में प्रवेश करने की आशंका को नकारा नहीं जा सकता है। इसकी वजह से प्रशासन से जमीन के सातबारा का सर्वेक्षण कर तत्काल अतिक्रमण हटाने व नागरिकों को स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने की मांग नवेगांवबांध फाउंडेशन की ओर से की गई है।

ऑडिट पखवाड़ा - 2024 का हुआ समापन

> 16 नवंबर से 29 नवंबर तक विविध आयोजनों से गूंजा नागपुर

नागपुर.

भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक के अंतर्गत भारतीय लेखा व लेखापरीक्षा विभाग द्वारा आयोजित ऑडिट पखवाड़ा 2024 का आयोजन नागपुर में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। हर वर्ष 16 नवंबर को मनाए जाने वाले ऑडिट दिवस के अवसर पर इस बार 18 नवंबर से 29 नवंबर तक विभिन्न कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक के अंतर्गत भारतीय लेखा व लेखापरीक्षा विभाग द्वारा हर वर्ष 16 नवंबर को ऑडिट दिवस मनाया जाता है, और इसी के साथ जनमानस में इस विभाग के महत्वपूर्ण योगदान संबंधी जनजागृति हेतु ऑडिट सप्ताह का आयोजन किया जाता हैं, इस अवसर पर विविध कार्यक्रमों तथा प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाता हैं। ऑडिट दिवस-24 के अवसर पर महालेखाकार कार्यालय, महालेखापरिक्षक, क्षेत्रीय क्षमता निर्माण एवं ज्ञान संस्थान नागपुर के अलावा इस विभाग से संबंधित अन्य विभागों द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया महाविद्यालयीन

छात्रों के लिए निबंध प्रतियोगिता जिसमे 60 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया, स्कूली छात्रों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता जिसमे विभिन्न स्कूलों के 450 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया, कार्यालयीन अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए निबंध प्रतियोगिता तथा महाविद्यालयीन छात्रों के लिए स्टडी टुर का आयोजन बड़ी सफलता पूर्वक किया गया।

इसके अलावा अन्य कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 18 नवंबर से 29 नवंबर 2024 तक उपरोक्त सभी कार्यक्रम आयोजित किए गए। 29 नवंबर को समापन तथा पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शहर के पुलिस कमिश्नर डॉ रविन्द्र सिंघल उपस्थित थे। इस अवसर पर जिनके मार्गदर्शन में ऑडिट दिवस का आयोजन किया गया वे महालेखाकार दत्तप्रसाद शिरशाठ, वरिष्ठ उप महालेखाकार दिनेश माटे, वरिष्ठ उप महालेखाकार अक्षय खंडारे प्रमुखता से उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में महालेखाकार महोदय ने अपना मनोगत व्यक्त किया। डॉ सिंघल इन्होंने कहा कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार के सभी ख़र्च का लेखापरीक्षण आपके विभाग को करना होता हैं, देश के हालात को बेहतर रखने के लिए अपनी सेहत को ठीक रखते हुए बड़े आव्हानात्मक कार्य को निभाना पड़ता हैं।

अतिथि के संबोधन के बाद सभी विजेताओं को नगद पुरस्कार प्रदान किए गए। अक्षय खंडारे इनके द्वारा आभार प्रदर्शन के बाद कार्यक्रम की आखरी कड़ी वॉकथॉन को हरी झंडी अतिथियों के हाथों दिखाकर चार किलोमीटर चलकर ऑडिट सप्ताह का समापन हुआ। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए उप महालेखाकार मेघना जैन, उप महालेखाकार मनीमौजी, उप महालेखाकार आशा सनी मैथ्यू, वरिष्ठ लेखा अधिकारी सारिका पाटिल, कल्याण सहायक मोहम्मद सलीम तथा सहायक लेखा अधिकारी रविन्द्र बागड़ी के अलावा सभी कार्यालयों के अधिकारियों ने भरपूर परिश्रम लिया।

पुरस्कार वितरण और वॉकथॉन से समापन

कार्यक्रम में विजेताओं को नगद पुरस्कार वितरित किए गए। इसके पश्चात चार किलोमीटर लंबी वॉकथॉन के साथ इस उत्सव का समापन हुआ। आयोजन को सफल बनाने में उप महालेखाकार मेघना जैन, मनीमौजी, आशा सनी मैथ्यू, वरिष्ठ लेखा अधिकारी सारिका पाटिल, कल्याण सहायक मोहम्मद सलीम, सहायक लेखा अधिकारी रविंद्र बागड़ी सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

पुरस्कार पाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे

सौंसर.

अशासकीय शाला संघ, के तत्वाधान मे इंटर स्कूल स्पोर्ट्स कॉम्पिटिशन (तृतीय वर्ष) के समापन अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम का आयोजन रविवार, को किया गया.

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रेखा कंटक, गोदावरी उपासनी संस्था सौसर, भास्कर गांवड़े विकासखंड शिक्षा अधिकारी सौसर, एबी मर्सकोले थाना प्रभारी सौसर, जयंत गुरु संरक्षक, अनिल खंबोलकर मार्गदर्शक सौसर अशासकीय शाला संघ सौसर एवं सभी स्कूल के संचालकगण समारोह में सम्मिलित हुए. सभी अतिथिगण एवं स्कूल के संचालकगण द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती एवं भारतमाता पूजन से प्रारंभ किया. सुभाष मॉन्टेसरी स्कूल के छात्र/छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत का गायन संगीतमय देकर सुंदर प्रस्तुत दी. सभी अतिथिगण एवं स्कूल संचालकगण का स्वागत तिलक एवं पुष्पगुच्छ देकर किया. सभी अतिथियों द्वारा खेलो के बारे में जानकारी देकर खेल के महत्व के बारे में अवगत कराया. कार्यक्रम की शुरूवात संस्कृत श्लोक प्रतियोगिता से की गई जिसमें भिन्न स्कूल के छात्र/छात्राओं द्वारा कंठस्थ प्रस्तुती दी.

इंटर स्कूल स्पोर्ट्स कॉम्पिटिशन में खेलो में क्रिकेट, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, बॅटमिंटन, निबंध, सामान्य ज्ञान, वाद-विवाद, रंगोली, दौड, चित्रकला, मेंढक दौड, निंबू-चम्मच दौड, संस्कृत श्लोक, मंत्र, स्त्रोत कंठस्त प्रस्तुतीकरण आदि खेलो में विजेता एवं उपविजेता छात्रों को पुरस्कार वितरित किया गया तथा सभी 350 छात्रों को स्वादिष्ट भोजन भी कराया गया. इस इंटर स्कूल स्पोर्ट्स कॉम्पिटिशन में सम्मिलित आयोजक टीम, खेल शिक्षक एवं स्कूल संचालकगण द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना भरपुर सहयोग प्रदान किया. आयोजक रवि कोठेकर ने कहा कि इस प्रकार के स्पोर्ट्स कॉम्पिटिशन का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाएगा. इस कार्यक्रम में अनंत फसाटे, निलेश ठाकरे, हर्षल काले, राज माहोरे ने अपना सहयोग प्रदान किया. संस्था के अध्यक्ष प्रभाकर वंजारी ने अंत में आभार व्यक्त कर सभी विजेता छात्रों को बधाई दिया.

चुनाव ईवीएम के बजाय मतपत्र से होने चाहिए: शिवसेना

हिंगनघाट.

शिवसेना (उद्धव बालासाहब ठाकरे) पार्टी की ओर से मा. मुख्य चुनाव आयुक्त, महाराष्ट्र राज्य - मुंबई को ज्ञापन उपजिला प्रमुख राजेंद्र खुपसरे और तहसील प्रमुख सतीश धोबे पूर्व नगरसेवक मनीष देवढे के नेतृत्व में स्थानीय निकाय के आम चुनाव मतपत्र पर कराने के लिए उपविभागीय अधिकारी, उपविभागीय कार्यालय हिंगनघाट के माध्यम से उन्हें एक ज्ञापन दिया गया। ईवीएम में हाल ही में महाराष्ट्र में विधानसभा के आम चुनाव हुए। कई जगहों पर ईवीएम मशीन से बड़ी गड़बड़ी की गई, असल वोटिंग और मशीन में अंतर है. साथ ही जनता को इस नतीजे पर संदेह हो गया है और कई लोग इसे लेकर कोर्ट भी गए हैं. हालाँकि, कुछ राजनीतिक दलों ने इसका विरोध किया। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. आढाव साहब ने इस के आंदोलन शुरू कर दिया. इसी प्रकार, शिवसेना हिंगनघाट की ओर से मा. मुख्य चुनाव आयुक्त, महाराष्ट्र राज्य को हिंगनघाट उपविभागीय अधिकारी के माध्यम से एक ज्ञापन दिया गया आगामी स्थानीय स्वराज्य के चुनाव चुनाव ईवीएम के बजाय मतपत्र पर होने चाहिए. साथ ही चुनाव में वीवीपैट मशीन से निकली कॉपी को पूरी तराहा गिनना चाहिए. इसके लिए एक ज्ञापन दिया गया. उपतालुक प्रमुख प्रकाश अनासाने, गजानन काटवले, अनंत गलांडे, शंकर मोहम्मरे, फिरोज खान, नईम शेख, नितिन वैद्य, अतीक बेग, प्रशांत सुपारे, प्रशांत कांबले, नरेश तामगाडगे, विवेक भोयर, नरेंद्र गुलकरी, अमोल वादाफले, घनश्याम वाघमारे, गणेश कुमरे, अनिल कावडकर, पंकज ठाकरे, संजय खोंडे, निशिकांत नागोसे, सतीश लोणारे, संजय कर्डिले, विशाल माथनकर, भास्कर भिसे, दिनेश दुबे आदि शिवसैनिक उपस्थित थे।

राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट परीक्षा 2024 संपन्न

सौंसर.

मानव संसाधन विभाग नई दिल्ली द्वारा आयोजित एनएमएमएस परीक्षा आज शिक्षा विभाग द्वारा सम्पन्न कराई। जनपद शिक्षा केंद्र सौसर से बीएसी राजेश भोजने ने बताया कि शासकीय स्कूलों में कक्षा आठवी में नियमित अध्ययनरत सभी छात्रों के लिए मानव संसाधन विभाग भारत सरकार द्वारा ली जाने वाली राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट स्कालरशिप परीक्षा 2024 विकासखंड सौंसर में दो परीक्षा केंद्र शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सौसर में 269 परीक्षार्थियों में से 258 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी 11 परीक्षार्थि अनुपस्थित रहे। शासकीय कन्या विद्यालय सौसर में 279 परीक्षार्थियों में से 276 ने परीक्षा दी 03 परीक्षार्थि अनुपस्थित रहे. विकासखंड सौसर में कुल परीक्षार्थी 548 में से 534 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी तथा कुल 14 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उक्त परीक्षा में सफल व चयनित छात्रो को कक्षा नवमी से बारवीं तक प्रतिवर्ष बारह हजार रुपये की छात्रवृत्ति शासन से प्राप्त होगी। चैनसा यादव बीआरसी ने बताया कि इस वर्ष सबसे अधिक इस परिक्षा के लिए 548 नामांकन हुये तथा उपस्थित छात्रों का प्रतिशत 97.4 रहा। छात्रो ने मेहनत कर परीक्षा दी है । केंद्राध्यक्ष शैलजा बत्रा प्राचार्या सीएम राइज स्कूल सौसर, एंवम सूर्यकीर्ति बागडे उच्च माध्य शिक्षक शास कन्या शाला सौसर द्वारा परीक्षा संपन्न की गई ।बीईओ भास्कर गावंड़े तथा विकासखंड स्तर पर परीक्षा हेतु ऑब्जर्वर रियाज खान प्राचार्य एवं राधेश्याम सोनकुसरे प्राचार्य द्वारा राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट परीक्षा में उपस्थित रहे।

विद्यार्थी अपनी कार्यक्षमता और आत्मविश्वास का निरंतर मूल्यांकन करें: मुडे

> मैक्सवेल कालेज में तात्कालिक भाषण का भव्य कार्यक्रम

नागपुर.

मनिषा शिक्षण प्रसारक मंडल संस्था द्वारा संचालित मैक्सवेल कला,वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय धामना हुडकेश्वर नागपुर द्वारा आयोजित तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मनिषा शिक्षण प्रसारक मंडल नागपुर के सचिव और कार्यक्रम के अध्यक्ष मधुसूदन एम मुडे ने कहा की शिक्षा विद्यार्थियों के जीवन में सफलता के अनेक अवसर प्रदान करती है परन्तु ऐसे अवसरों का मूल्यांकन करके सतत् आगे बढ़ते रहने की वैचारिकता हमारी जीवन शैली को भी लाभान्वित करती है। स्वामी विवेकानंद को आदर्श मानकर उठो जागो ओर तब तक मत रुकिए जबतक आप अपने लक्ष्य तक ना पहुंच जाओं। स्पर्धा के इस युग में अपनी मानसिक कमजोरियों का परित्याग कर आत्मिकदृढ़ संकल्पता से विश्वास को प्रबल बनाना होगा। क्योंकि अवसर का लाभ उठाने वाला व्यक्ति ही सबसे बुद्धिमान होता है इसलिए सभी के प्रति

समभाव रखकर जीवन में विशुद्ध स्पर्धा कर लक्ष्य हासिल करना हम सबका पवित्र मकसद होना चाहिए। कार्यक्रम का आयोजन विदयापीठ द्वारा निर्धारित को-कोरिकुलम एक्टिविटी के तहत किया गया था। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बीए, बीकॉम व बीएससी (एनईपी) के प्रथम सेमेस्टर के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे। मधुसूदन एम मुडे ने कहा कि एक विद्यार्थी को अत्यंत ही सजग, जागरूक, चैतन्य और विविध छोटी बड़ी जानकारियों को समझने की बौद्धिक क्षमता विकसित करना चाहिए। हमारा परिवेश ही हमारी कला है विविध ज्ञान ही विज्ञान है ओर जीवन की जरूरततों को पूर्ण करने वाला विषय वाणिज्य है।फिर हमारी अज्ञानता का परिचय क्यों ? इसलिए अपनी आंतरिक ऊर्जा को समझें, ज्ञान में वृध्दि करें और जीवन में सतत आगे बढ़कर जीवन को आनंदित, हर्षित और स्वस्थ बनाने का प्रयास करना मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। कार्यकारी प्राचार्या लीना सुनील पांडे ने कहा कि ना ज्ञानेन ही संदृशम पवित्रमिह विदयते! संसार में ज्ञान के समान कोई भी पवित्र वस्तु नहीं है इसलिए ज्ञान से विज्ञान को समझिए और ज्ञान से जीवन को बेहतर और आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास ही आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। भाषण एक कला है और तत्काल किसी विषय पर अपने विचार प्रकट करना अपनी उत्कृष्ट वैचारिकता और सर्वांग विषय के प्रति उसके अर्जित ज्ञान को दर्शाता है। प्रोफे.डॉ .तेजसिंह किराड़ ने कहा कि मन के संकोच को दूर करना, किसी भी विषय के महत्व को समझकर तत्काल अपने विचार प्रकट करना विद्यार्थियों केआत्मविश्वास को दर्शाता है।

उनहोन इस वर्ष से आरंभ नवीन शिक्षा नीति के विषयों,उनका महत्व, एक वर्ष में सर्टिफिकेट,दो वर्ष में डिप्लोमा,तीन वर्ष में डिग्री और चार वर्ष में ऑनर्स डिग्री के महत्व का सुन्दर वर्णन परिभाषित किया। साथ ही भविष्य की नवीन शिक्षा पद्धति पर भी विस्तृत प्रकाश डाला। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को उनका परिचय पत्र भी प्रदान किया गया।

सीसीआई की खरीदी में देरी से किसान हुए निराश

सौंसर. सोमवार से शुरू हुई सीसीआई की खरीदी महज खानापूर्ति रही। मंडी प्रांगण में हुए मूहर्त में मात्र एक बैलबंडी आई थी। सीसीआई ने मूहर्त भाव दस प्रतिशत नमी पर 7272 रूपए दिया। मंडी में तय समय से दो घंटा देरी से शुरू हुई खरीदी में सीसीआई सेंटर अधिकारी प्रशांत सुरंजे,मंडी प्रभारी सचिव हरिदास इरपची ने किसान के बैलबंडी का पूजन कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर कपास व्यवसाई संजय राठी, राधेश्याम सुधा, इंदरचंद डागा,राजेंद्र सावल नट्टू टावरी नीलामी में उपस्थित थे। किसान सीसीआई के खरीदी का इंतजार कर रहे थे लेकिन प्रचार प्रसार नही होने से किसानों तक खरीदी शुरू होने की जानकारी नही पहुंची थी। वही सीसीआई और बाजार भाव में ज्यादा अंतर नही होने से भी किसान मंडी नही पहुंचे। बाजार भाव भी अच्छे किस्म कपास को 7150 दिया जा रहा है।

शुभांक		
श्रीदेवी	447-5	357-5
श्रीदेवी नाईट	590-4	389-0
प्रभात	150-6	460-0
प्रभात नाईट	237-	-
डायमंड	450-9	168-5
मेन बाजार	689-3	-
मिलन डे	448-6	399-1
मेन रतन	556-6	158-4
कल्याण	467-7	480-2
राजधानी डे	370-0	357-5
राजधानी नाईट	690-5	-
कुबेर डे	-	-
डायमंड नाईट	567-8	580-3

पेंटिंग एवं कलरिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

नागपुर.

डेमीट ग्रुप ऑफ स्कूल दिघोरी नागपुर की ओर से संस्था के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर अलग-अलग ग्रुप में भव्य कलरिंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इसमें नर्सरी से कक्षा 10 तक के विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता के साथ भाग लिया, प्रथम समूह नर्सरी से कक्षा 1 तक के विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता के साथ भाग लिया, कक्षा 2 से कक्षा 4 तक रंग भरने की प्रतियोगिता हुई, कक्षा 5 से 7 तक चित्रकला प्रतियोगिता हुई, कक्षा 8 से 10 तक के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता का आयोजन किया। स्वतंत्रता आंदोलन और उनके पसंदीदा महापुरुषों के चित्र बनाने और उनमें रंग भरने की थीम पर आधारित प्रतियोगिता में 1421 विद्यार्थियों ने भाग लिया। मंगला गवरे संस्थान की अध्यक्ष तारा नखाते संचालक आशीष

नखाते साहब, सचिव सोनुताई नखाते, मधुभाऊ डोये, सामाजिक कार्यकर्ता संध्याताई बोबडे, युवा कला निकेतन के संचालक सुरेश गोरे, नृत्य निर्देशक दिनेश सर, मुख्याध्यापक प्रमोद कडुकर सर, मुख्याध्यापिका निरंजना बारसागड़े उपस्थित थे कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने कड़ी मेहनत की संचालन राजेश लोखंडे ने किया.

मोहाड़ी में बाइक स्लिप होने से शख्स की मौत

भंडारा.

भंडारा-तुमसर मार्ग पर मोहाडी के एमआयडीसी के पास एक गंभीर दुर्घटना घटी। एक मोटरसायकल स्लिप होने से एक युवक की मौत हो गई और दूसरा घायल हो गया।

इस हादसे में मृत युवक तिरोडा तहसील के मुंडीकोटा गांव का रहने वाला था, जबकि घायल युवक तिरोडा का ही रहने वाला है। हादसे की खबर मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है की मोटरसाइकिल की स्पीड अधिक थी और तभी अचानक वाहन नियंत्रण से बाहर हो गया और बाइक स्लिप होकर गिर गई। हादसे में घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। जहां उसकी हालत अभी गंभीर बताई जा रही है। वहीं, मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

विधायक चौरे ने किया स्मार्ट क्लास का उद्घाटन

> विद्यार्थियों को वितरित की साइकिलें

सौंसर.

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बिछुआ बग्गू स्थित शासकीय सती अनुसया माता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक माननीय श्री विजय चौरे द्वारा विधायक निधि से प्रद्दत्त लागत राशि 2 लाख 35 हजार रूपए से नवनिर्मित स्मार्ट क्लास का रिबन काटकर लोकार्पण किया तत्पश्चात विद्यार्थियो को साइकिल वितरित कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

इस स्मार्ट क्लास के माध्यम से दूरस्थ ग्रामों से अध्यन हेतु आने वाले अनुसूचित जाति,जनजाति एवं समस्त विद्यार्थियो को आधुनिक शिक्षा प्राप्त करने में आसानी होगी तथा छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार होगा।

किसी भी कठिन से कठिन विषय

को बड़े ही रोचक तरीके से समझने या समझाने में सहायता होगी। किसी भी विषय को चित्र एवं वीडियो के माध्यम से शिक्षकों को समझाने एवं विद्यार्थियो को समझने में आसानी होगी तथा विद्यार्थियो को अधिक से अधिक सीखने का अवसर एवं अध्ययन करने की कला विकसित होगी।

इस अवसर पर विधायक विजय चौरे, सरपंच प्रमोद पातुरकर, उप सरपंच सुदर्शन भक्ते, लक्ष्मण वाठ, देवचंद्र तुमड़ाम, सुनील तिवारी, किशन पराये, भाऊराव भक्ते ,अरुण भक्ते, चरणदास सोनेकर, संदीप लोणारे, रामकृष्णा शेंडे, सुमित्रा उपासे, मीरा भक्ते, भुराजी शेंडे, विश्वेशर पातुरकर एवं उपस्थित शिक्षकगणो में बीआरसी गावंडे ,प्राचार्य ज्ञानेश्वर भक्ते, दिलीप वाठ, बरदे, पेजे, शेंडे, जैवार, कोल्हटकर, बरदे, कोचे, भक्ते एवं समस्त गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अमरावती जिले में रबी की 60 प्रतिशत बुआई हुई पूरी

अमरावती. कृषि विभाग की ओर से अमरावती जिले में खरीफ के बाद औसतन 1 लाख 48 हजार 879 हेक्टेयर में रबी की बुआई की योजना बनाई गई है। अब तक 82 हजार 233 हेक्टेयर यानि 60 फीसदी बुआई पूरी हो चुकी है।

पिछले वर्ष 1 लाख 61 हजार 453 हेक्टेयर में बुआई हुई थी। कृषि विभाग द्वारा रबी सीजन की योजना बनायी गई है। 1 लाख 48 हजार हेक्टेयर में रबी सीजन की खेती होगी। इनमें से 82 हजार 233 हेक्टेयर में बुआई पूरी हो चुकी है।

पिछले साल चने के मिले अच्छे दाम को देखते हुए किसानों का रुझान इस साल भी चने की फसल की ओर है। ऐसे में अनुमान है कि चने की फसल अधिकतम 65 हजार 972 हेक्टेयर में बोई जाएगी।

जरूरतमंदों को ठंड से बचाने का प्रयास

धानोरा.

ठंड का मौसम अपने चरम पर है, जिससे जरूरतमंदों के लिए यह समय और भी कठिन हो जाता है। इसी संवेदना को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता श्यामसुंदर राठी और उनकी टीम ने कंबल और मास्क वितरण समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में 100 से अधिक जरूरतमंदों को कंबल और मास्क वितरित किए गए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रेखा कावडे ने की। प्रमुख अतिथि के रूप में पंकज चांडक, हरिभाऊ मांदाडे, राजू लभाने, विलास कुलकर्णी, कैप्टन मोहन गुजरकर, इमरान राही, शशांक चतारे सहित अन्य गणमान्य नागरिक

> धानोरा में कंबल वितरण संपन्न

उपस्थित रहे। श्यामसुंदर राठी ने कहा, "जरूरतमंदों की मदद करना न केवल हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है, बल्कि यह हमारे नैतिक मूल्यों को भी मजबूत करता है। कंबल वितरण से ठंड से परेशान लोगों के चेहरे पर जो मुस्कान आती है, वह सच्ची संतुष्टि प्रदान करती है।"

कैप्टन मोहन गुजरकर ने समाज में सहिष्णुता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देने की अपील की, जबकि इमरान राही ने संस्था के प्रयासों को सराहनीय बताया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने भी अपने विचार रखे और इस नेक पहल की सराहना की।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राजेश धोपटे, नामदेव अखाडे, भगवान वनकर, संतोष देशमुख, प्रशांत आजनकर सहित कई अन्य लोगों ने विशेष भूमिका निभाई कार्यक्रम का संचालन हनुमान चौधरी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन शशांक चतारे ने दिया।

छात्रों की समस्या पर विधायक चौरे ने दी हिदायत

सौंसर.

आमला, खापा के स्कूली छात्रों को बस ऑपरेटर द्वारा बसों में नहीं ले जाने के शिकायत के बाद विधायक विजय चौरे ने गत दिवस मे सुबह 9 बजे आमला डिपो पहुँचकर छात्र-छात्राओं को हो रही समस्या की जानकारी ली और इसका हल निकाला। विधायक चौरे ने कहा की छात्र- छात्राओं को आगे कोई समस्या आती है तो वह उन्हें तुरंत सूचित करें। जानकारी के अनुसार आमला, खापा के स्कूली छात्र हर दिन रामाकोना ओर सौसर पढ़ने जाते है परंतु बस में नहीं बैठाने से वे समय पर स्कुल नहीं पहुँच पा रहे हैं, किसी भी अन्य साधनों से पालकों को उन्हे स्कूल पहुंचाना पड़ता है। चौरे ने कहा कि परिवहन विभाग के भ्रष्ट अधिकारी इस समस्या को गंभीरता से नहीं लेकर बस आपरेटर को नहीं सुधारा जाता है तो वे बस को नहीं चलने देंगे।